# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 अक्टुबर 2023 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- देवरिया हत्याकांड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसडीएम और सीओ समेत पन्द्रह को किया निलम्बित।
- वाराणसी की जिला अदालत ने एएसआई को ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के लिये दिया चार हफ्ते का अतिरिक्त समय।
- उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बरेली के रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज में बने कैंसर विभाग का किया उद्घाटन। कहा– प्रदेश में ड्यूटी से नादारद सत्ताइस सौ चिकित्सकों को जारी किया गया है नोटिस।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एशियाई खेल के पदक विजेताओं को दी बधाई। इस खेल में इक्कीस स्वर्ण पदक सहित भारत जीत चुका है अब तक छियासी पदक।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया प्रकरण में लापरवाह राजस्वकर्मियों और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उपजिलाधिकारी, एक क्षेत्राधिकारी, दो तहसीलदार, तीन लेखपाल, एक हेड कांस्टेबल, चार कांस्टेबल , दो हल्का प्रभारी और एक थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कल घटना की समीक्षा करते हुए कहा कि दोषी कोई भी हो, उस पर कार्रवाई की जायेगी। इस मामले में चार पूर्व उपजिलाधिकारी, सेवा निवृत्त तसहीलदार और सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही होगी। इसके साथ ही निलम्बित तहसीलदार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करने का निर्देश जारी कर दिया गया है।

शासन की रिपोर्ट में फतेहपुर गांव में हुए हत्याकांड में अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही सामने आयी है। विवाद के संबंध में स्वर्गीय सत्य प्रकाश दुबे ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में आईजीआरएस के तहत कई शिकायतें की थीं। यह शिकायतें पुलिस विभाग और राजस्व विभाग को भेजी गई थीं लेकिन दोनों विभागों के अधिकारियों ने इसे गम्भीरतापूर्वक नहीं लिया था।

**********

वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में एएसआई को सर्वे के लिये चार हफ्ते का अतिरिक्त समय दे दिया है। जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने एएसआई द्वारा दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है।

वादी पक्ष के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि 6 अक्टूबर को एएसआई को सर्वे रिपोर्ट अदालत में जमा करनी थी, लेकिन बारिश और अन्य कारणों से सर्वे में विलंब हो रहा था। ऐसे में एएसआई ने जिला जज की अदालत में प्रार्थना पत्र डालकर सर्वे के लिये समय बढ़ाने की मांग की थी, जिसको स्वीकार कर लिया गया है। इसके अलावा सील वजू खाने को सर्वे के दायरे में लाने संबंधी प्रार्थना पत्र पर 12 अक्टूबर को सुनवाई होगी। उधर, दूसरे पक्ष के अधिवक्ता तौहीद खान ने बताया कि वजूखाने को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सील किया गया है। ऐसे में उसके सर्वे की मांग करना जायज नहीं है, जिस पर आपत्ति दाखिल कर दी गई है।

**********

सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने कल लखनऊ में पीसीएफ की 50वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर पीसीएफ के नये वेब पोर्टल एवं मोबाईल एप्लीकेशन का विमोचन भी किया गया।

इस मौके पर सहकारिता राज्यमंत्री ने कहा कि पिछले छह वर्षो में सहकारिता विभाग और पीसीएफ नये आयामों को छू रहा है। पीसीएफ का सहकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान है, बिना पीसीएफ के कृषक हित और सहकारिता अभियान को गति देना असम्भव है। पीसीएफ द्वारा सहकार से समृद्धि की संकल्पना को चरितार्थ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों ने बी–पैक्स सदस्यता महाअभियान में बढ़–चढ़कर सदस्यता ली है, जिसके परिणामस्वरूप सितम्बर में आयोजित सदस्यता महाअभियान में 29 लाख नये सदस्य बने और लगभग 70 करोड़ रूपये की अंशपूंजी भी संचित की गयी।

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल कौशाम्बी के कलेक्ट्रेट सभागार में जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद के सभी विभागों की योजनाओं, विकासशील परियोजनाओं, निर्माणाधीन कार्यो और कानून व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक शत प्रतिशत पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही जल जीवन मिशन में तेजी लाने, निर्माणाधीन पुलों के कार्य को जल्द पूरा करने और कानून व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिये।

**********

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल बरेली के रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज में बने कैंसर विभाग का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने बरेली मंडल के चारों ज़िलों के स्वास्थ्य अधिकारियो के साथ संचारी रोगों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संचारी रोगों से पीड़ित मरीज़ों को शत प्रतिशत भर्ती कराया जाये और उन्हें इलाज और दवाइयां उपलब्ध कराई जायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ड्यूटी से नादारद 27 सौ चिकित्सकों को नोटिस जारी किया गया है और अभी तक 60 से अधिक ऐसे चिकित्सकों को बर्खास्त किया गया, जो ड्यूटी से नादरद पाये गये हैं।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल ऐटा के कोसमा गांव में वात्सल्य आरोग्य धाम नेत्र चिकित्सालय के ऑपरेशन थियेटर और नेत्र परीक्षण कक्ष का लोकार्पण किया। इस चिकित्सालय का संचालन एक ट्रस्ट की ओर से किया जाएगा, जहाँ बेहद किफायती दरों पर इलाकाई लोग अपना उपचार करा सकेंगे। उपमुख्यमंत्री ने ऐटा में स्वास्थ्य विभाग की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक की। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को डेंगू और मलेरिया से निपटने के लिये अस्पतालों में सभी इंतजाम रखने के निर्देश दिए।

**********

किसानों और आलू उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष दो हजार तेइस–चौबीस के लिए आलू बीज की विक्रय दरें निर्धारित कर दी गई हैं। प्रदेश के कृषि विपणन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि निर्धारित दरों के अनुसार, प्रथम आलू तीन हजार तीन सौ पच्चीस रूपये प्रति कुंतल, द्वितीय आलू दो हजार नौ सौ पन्द्रह रुपये प्रति कुंतल, प्रथम ओवर साइज आलू दो हजार छः सौ पचपन रूपये प्रति कुंतल, द्वितीय ओवर साइज आलू दो हजार छः सौ रूपये प्रति कुंतल तय किया गया है। सफेद एवं लाल आलू प्रजातियों की विक्रय दरें एक समान हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि आलू बीज की गुणवत्ता आदि के बारे में व्यापक प्रचार–प्रसार कर किसानों को आलू बीज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

**********

अयोध्या में रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के शुभारम्भ से पहले अयोध्या एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरी तेजी के साथ किया जा रहा है। जिलाधिकारी नीतिश कुमार ने बताया कि अयोध्या एयरपोर्ट के पहले फेज का काम लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही टर्मिनल बिल्डिंग का पच्चासी प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है।

***एयरपोर्ट के फर्स्ट फेज का निर्माण लगभग कम्पलीशन की स्थिति में हैं। एयरस्ट्रीप और रेसा प्लास लाइफलैंडिंग फैसिलिटी का काम कम्पलीट हो चुका है और टर्मिनल बिल्डिंग का काम 85 प्रतिशत कम्पलीट हो गया है और एक ऐप्रिंन जो कम्पलीट हुआ है जिसमें चार एयरक्राप्ट लैंडिंग फैसिलिटी है एक ऐप्रन और हम लोग बना रहे हैं जिसमें चार एयरक्राप्ट की लैंडिंग की फैसिलिटी होगी जिसमें वो भी अक्टूबर तक कम्पलीट हो जायेगी, नवम्बर तक हमारा फिनिसिंग वर्ग कम्पलीट होगा। इसमें जो टर्मिनल बिल्डिंग प्लस सेंकड ऐप्रन का और नवम्बर में तारलैंडिंग प्रक्रिया जो प्रक्रिया स्टार्ट हो जायेगी दिसम्बर तक हमारा पूरा एयरपोर्ट कम्लीट हो जायेगा और संचालन की स्थिति भी बनती है। एयरपोर्ट अर्थारिटी जो भी लोकेशन तय करके वह संचालन कर सकते हैं।***

**********

चीन में चल रहे उन्नीसवें एशियाई खेल में भारत के खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि टीम के असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प ने भारत को गौरवान्वित किया है। एशियाई खेलों में भारत इक्कीस स्वर्ण, बत्तीस रजत और तैंतीस कांस्य सहित कुल छियासी पदक जीतकर चौथे स्थान पर है। यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है।(

**********

कल से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत हो गई। विश्वकप का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच के लिये लगभग तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। विश्वकप के पांच मैच अहमदाबाद में होने हैं, इसमें चौदह अक्टूबर को प्रतिष्ठित भारत–पाकिस्तान मैच और उन्नीस नवंबर को विश्व कप फाइनल मैच शामिल है। इसके अलावा विश्वकप के पांच मैच लखनऊ में भी खेले जाएंगे।

**********